

# विजयपुर में संघ शताब्दी वर्ष पर निकला पथ संचलन

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 7 अक्टूबर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मंगलवार को नगर में भव्य पथ संचलन का आयोजन

**पुष्पवर्षा कर किया गया स्वागत**

किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने पारंपरिक गणवेश में उत्सव बाटिका में एकत्र होकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रचारक चिरंजीव ने की। उन्होंने संघ की स्थापना, अनुशासन और समाज सेवा के मूल सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ भारतीय संस्कृति और नागरिक समाज के मूल्यों को बनाए रखने तथा सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए कार्य करता है। हमें संगठित होकर समाज की एकता और राष्ट्रीय चरित्र को सशक्त बनाना होगा। सभा में संघ के पदाधिकारियों ने विजयादशमी पर्व के महत्व पर भी चर्चा की और बताया कि यह पर्व संघ के आत्मबल, संगठन शक्ति और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। स्वयंसेवकों को गांव-गांव तक संगठन के विस्तार और सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। प्रार्थना और भगवा ध्वज प्रणाम के बाद बैंड-बाजे की धुन पर कदमताल करते हुए पथ संचलन प्रारंभ हुआ। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। पथ संचलन उत्सव बाटिका से आरंभ होकर श्रीगणेश कॉलेज परिसर में संपन्न हुआ। संपूर्ण मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। नगर पुलिस बल के जवान पथ संचलन के दौरान लगातार मुस्तैद रहे।

# गांजा एवं डौड़े के साथ दो को पुलिस ने धरा

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 7 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक जिला श्योपुर सुधीर कुमार अग्रवाल एवं अति. पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया,

**एक के पास 1 किलो 211 ग्राम गांजा तो दूसरे के पास 1 किलो 252 ग्राम डौड़ा बरामद**

द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विक्रय पर अंकुश लगाने हेतु नशामुक्ति कार्यक्रम के करने के संबन्ध में सतत् निर्देशन प्राप्त हो रहा है। इसी क्रम में एसडीओपी



अनुभाग बडौदा श्री अष्ठाना के निर्देशन में आज दिनांक 07.10.2025 को आवदा पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर से आरोपीगण (1) जीतेन्द्र उर्फजीतू जाट पुत्र रोशन सिंह जाट उम्र 40 साल नि नायरा पैट्रोल पंप के पास ग्राम बम्होरीहाला थाना आवदा जिला श्योपुर के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा 01 किलो 211 ग्राम जब्त किया गया एवं (2) मंगल जाट पुत्र कल्याण जाट उम्र 41 साल नि. राड़ेप थाना आवदा जिला श्योपुर के कब्जे से से अवैध मादक पदार्थ डोड़ा चूरा वजन 01 किलो 252 ग्राम जब्त किया गया। कुल वजन 02 किलो 463 ग्राम कीमती अनुमानित करीबन 39000/- रूपये के गांजे को जप्त किया गया एवं आरोपीगणों को गिरफ्तार कर धारा 8/15,20 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। आरोपीगणों को न्यायालय पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही में मुख्य भूमिका थाना थाना प्रभारी थाना आवदा उनि राहुल रघुवंशी, स.उ.नि टीकाराम रावत, प्र. आर. 343 गोरेलाल, प्र. आर. 275 अजय शर्मा, प्र. आर. 36 धर्मेन्द्र सिंह तोमर प्र. आर. 372 रमेश पनोईया, प्र.आर. 218 संतोष दौहरे प्र. आर. 276 रविन्द्र सिंह तोमर आर. 249 विनोद कुशवाह, आर.321 राकेश कुशवाह आर. 513 रामगोविन्द कुशवाह आर. 477 मनोज शर्मा आर. 490 मदन पटेलिया की रही है।

## 68 क्वार्टर अवैध देशी मदिरा शराब जप्त

**विजयपुर, 7 अक्टूबर।** थाना विजयपुर आरोपी मुनेश पुत्र भगवंत कुशवाह उम्र 32 साल नि. प्रहलादपुरा विजयपुर को दि. 06.10.25 के 17.40 से 17.50 बजे स्थान बारखेडा बाईपास रेड गुमठी के पास बारखेडा कब्जे से देशी मदिरा मशाला शराब के 15 क्वा. कीमती 1800/- रु. एवं देशी मदिरा प्लेन के 19 क्वा. कीमती 2900/- रु. कुल 34 क्वा. कीमती 3890 /- रु. की जप्त की। धारा 34 आब. एक्ट कामय कर लिया हैं।

# आज शिवनगर फीडर से बंद रहेगी विद्युत सप्लाई

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 7 अक्टूबर।** श्योपुर शहर वितरण केन्द्र अंतर्गत 8

**9 को बडौदा रोड, 10 को चंबल एवं 11 को पाली फीडर रहेंगे प्रभावित**

अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक 11 केव्ही लाइनो का मेटीनेंस का कार्य होने से शहर के 4 फीडरो पर अलग-अलग तारीखो में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली की सप्लाई प्रभावित रहेगी।

प्रबंधक मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी वितरण श्योपुर शहर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 8 अक्टूबर को 11 केव्ही शिवनगर फीडर से सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विधुत की सप्लाई बाधित रहेंगी। जिसके चलते इस फीडर से जुडे क्षेत्र विकास नगर, हाउसिंग बोर्ड, केन्द्रीय विद्यालय, शिवपुरी रोड चुर्गी नाके तक, पटवारी कॉलोनी एवं शिवनगर कॉलोनी प्रभावित रहेंगी। इसी प्रकार 9 अक्टूबर को 11 केव्ही बडौदा रोड फीडर पर सुबह 10 बजे शाम 4 बजे तक विधुत की आपूर्ति बंद रखी जायेगी, जिसके चलते बडौदा रोड, पटेल चौक, पुल दरवाजा, मछली मार्केट, भोई मोहल्ला, रेगर मोहल्ला प्रभावित रहेंगे। 10 अक्टूबर को 11 केव्ही चंबल फीडर से सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली बंद रहेगी, जिसके चलते चंबल कॉलोनी, नर्सरी के सामने, पप्पू होटल के आसपास, कॉलेज के सामने जाट छात्रावास, जागा मोहल्ला, मोहनजी की बगीची, चिंताहरण हनुमान मंदिर एवं वार्ड नंबर 10 में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 11 अक्टूबर को 11 केव्ही पाली रोड फीडर से सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली की सप्लाई बंद रहने से इससे जुडे क्षेत्र गांधीनगर, खरंजा रोड, बजाज नगर, जयश्री पैलेस कॉलोनी, पीली कोठी एवं चंबल कॉलोनी प्रभावित रहेंगे।

# विजयपुर में पहली बार धूमधाम से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 7 अक्टूबर।** नगर में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े हर्षोल्लास, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विजयपुर में पहली बार

**चल समारोह में उमड़ा जनसैलाब, पुष्पवर्षा और प्रसादी वितरण से गूंजा नगर**

वाल्मीकि समाज द्वारा भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु, समाजसेवी, भाजपा कार्यकर्ता एवं नगरवासी शामिल



हुए। चल समारोह में गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालुओं ने महर्षि वाल्मीकि के जयकारों से पूरे वातावरण को गुंजायमान कर दिया। नगर के प्रमुख मार्गों पर जगह-जगह भाजपा मंडल विजयपुर की ओर से स्वागत द्वार बनाए गए, जहां पुष्पवर्षा, पेयजल एवं प्रसादी वितरण किया गया। समारोह के अंत में कार्यकर्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधियों द्वारा अतिथियों का मान-सम्मान और स्वागत-सत्कार किया गया। भाजपा मंडल विजयपुर के प्रतिनिधि ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि, महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि सत्य, धर्म और नैतिकता के मार्ग पर चलकर ही जीवन में शांति और समृद्धि प्राप्त की जा सकती है।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष परीक्षत धाकड़ मंडल अध्यक्ष शुभम मुदगल उपाध्यक्ष मनोज खजांची, अगरा मण्डल अध्यक्ष रामलखन कुशवाह, हाकिम कुशवाह सौरभ जादौन, बीरू वाल्मीकि, अध्यक्ष अशोक वाल्मीकि (वरिष्ठ समाजसेवी), जगदीश वाल्मीकि, श्रीनिवास वाल्मीकि, राजाराम वाल्मीकि, धीरज बाल्मीकि एवं अनेक कार्यकर्ता एवं समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित जनों ने महर्षि वाल्मीकि के उपदेशों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया और विजयपुर में आयोजित इस ऐतिहासिक उत्सव को यादगार बताया।





# फूड सेफ्टी टीम ने लिए मावा, मिक्स दूध के सेम्पल

**श्योपुर, 7 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में सीएमएचओ डॉ दिलीप सिरकवार के निर्देशन में फूड सेफ्टी की टीम द्वारा बडौदा में तीन फर्मो से सेम्पल लेने की कार्यवाही की गई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र जैन ने बताया कि आज मैन बाजार बडौदा स्थित गुरू कृपा मिष्ठान भण्डार से मावा, मावा टिक्की के, मैन बाजार बडौदा स्थित श्रीनाथ दूध डेयरी से गाय व भैस के मिक्स दूध के सैम्पल एवं कुंहाजापुर रोड बडौदा स्थित महावीर प्रसाद कैलाशचंद राठौर ऑयल मिल से सरसो तेल के नमूने मानक स्तर की जांच हेतु लिये गये, नमूनों को राज्य स्तरीय खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है।





# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण को लेकर अधिकारियों ने देखीं व्यवस्थाएं

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 7 अक्टूबर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 12

**12 अक्टूबर को प्रस्तावित है मुख्यमंत्री का श्योपुर दौरा**

अक्टूबर को श्योपुर जिले के प्रस्तावित भ्रमण को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देश पर अधिकारियों ने विभिन्न तैयारियों तथा व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री भूरिया, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य, टीआई सतीश चौहान, यातायात प्रभारी संजय राजपूत, सीएमओ राधेरमण यादव आदि उपस्थित थे।

अपर कलेक्टर श्री उपाध्याय ने अधिकारियों के साथ वीर सावरकर स्टेडियम स्थित हैलीपेड स्थल का अवलोकन किया तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर हेलीपेड बनाये जाने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही शहर में होने वाले रोड शो के मार्ग का अवलोकन भी किया, पुल दरवाजा स्थित चौधरी चरण सिंह के प्रतिमा स्थल पर भी अधिकारियों द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में जायजा लिया गया। अपर कलेक्टर श्री उपाध्याय सहित अन्य अधिकारियों द्वारा इसके उपरांत सभा स्थल मेला मैदान पहुंचकर मंच तैयार करने के साथ ही सभा स्थल पर विभिन्न व्यवस्थाएं किये जाने के लिए सभा स्थल का अवलोकन किया गया।

# 71 प्रकरण सौहार्दपूर्ण ढ़ंग से सुलझाए गए

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 7 अक्टूबर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के निर्देशों के अनुसार 01 जुलाई से 30 सितंबर तक राष्ट्र के लिए मध्यस्थता नामक एक विशेष अखिल भारतीय अभियान शुरू किया गया। इस 90 दिवसीय अभियान का उद्देश्य राज्य भर में तहसील न्यायालयों से लेकर उच्च न्यायालयों तक न्यायपालिका के सभी स्तरों पर मध्यस्थता के माध्यम से लबित मामलों को निराकृत करना था।

माननीय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधिपति एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मुख्य संरक्षक माननीय न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा की प्रेरणा से तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन के कुशल मार्गदर्शन में यह अभियान न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को उचित ढंग से सुलझाने तथा मध्यस्थता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाया गया।

अभियान के दौरान मध्यस्थता के माध्यम से मध्यप्रदेश में कुल 4552 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया जिनमें काफी संख्या में पूर्व समय से लंबित पुराने मामले भी सम्मिलित किये गए। उक्त निराकृत प्रकरणों में वैवाहिक विवाद दुर्घटना दावे घरेलू हिंसा चैक वाउस. आपराधिक समझौता योग्य मामले उपभोक्ता विवाद ऋण वसूली बटवारा बेदखली भूमि अधिग्रहण और अन्य सबंधित दीवानी प्रकरण सम्मिलित किए गए।

इसी अनुक्रम में माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मेहता के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय, श्योपुर एवं तहसील न्यायालय विजयपुर अतर्गत उक्त 90 दिवसीय अभियान को सफलतापूर्वक सचालित किया गया। जिसमें जिला श्योपुर द्वारा 71 प्रकरणों को आपसी समझौते के आधार पर मध्यस्थता के माध्यम से निराकृत किया गया।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान नालसा और सर्वोच्च न्यायालय की मध्यस्थता और सुलह परियोजना समिति द्वारा 01 जुलाई 2025 से प्रारभ होने वाला एक राष्ट्रव्यापी 90 दिवसीय अभियान है इसका उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से लंबित प्रकरणों के समाधान में तेजी लाना एवं मध्यस्थता से होने वाले लाभों के बारे में जन-जागरूकता प्रसारित करना है। यह अभियान विवादों को सुलझाने अदालतों पर बोझ कम करने और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने में मध्यस्थता, सवाद और सहयोग की शक्ति को प्रदर्शित करता है।

## गेट खोलने की बात पर मारपीट

**श्योपुर।** थाना कराहल मारपीट फरि. ओमप्रकाश पुत्र शंकरलाल जाट उम्र 52 साल नि. खैरी ने रिपोर्ट की कि दि. 05.10.25 के 08.00 बजे स्थान फरि. के घर के बाहर खैरी आरोपीगण 1. पुष्पराज जाट 2. नवल किशोर जाट नि.गण सदर ने फरि को रोड की तरफगेट खोलने की बात पर गालियां देकर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी।

## एक नजर में

### सड़क दुर्घटना में घायल, ईलाज के दौरान मौत

**श्योपुर, 7 अक्टूबर।** थाना बरगवां सड़क दुर्घटना में मृत्यु सूचनाकर्ता मुरारीलाल पुत्र मोहरलाल जाटव उम्र 57 साल नि. गोठरा थाना बरगवां ने रिपोर्ट की कि दि. 30.09.25 के 19.30 बजे स्थान जाखदा सरारी के बीच नदी की पुलिया पर मृतक साहब सिंह पुत्र मुरारीलाल जाटव उम्र 35 साल नि. सदर की मृत्यु एक्सीडेन्ट में आयी चोटो के दौरान इलाज जिला अस्पताल में हो गई।

### पुरानी रंजिश की बात पर गाली-गलौच मारपीट

फरियादिया कमलीबाई पत्नी नारायण प्रजापति उम्र 75 साल नि. इच्छापुरा थाना कोतवाली ने रिपोर्ट की कि दि. 06.10.25 के 13.00 बजे स्थान फरिया. के घर के सामने इच्छापुरा आरोपीगण चौथमल प्रजापति, संपत्तिबाई प्रजापति, मोनू प्रजापति नि.गण सदर ने फरिया को पुरानी रंजिश पर से मां बहिन की गन्दी- गन्दी गालियां देकर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी।

### जबरदस्ती साथ ले जाने की बात पर दो युवक ने एक को पीटा

थाना कोतवाली मारपीट फरि. पूजा पत्नि शिवप्रकाश जंगम उम्र 27 साल नि. जय श्री पैलेस के पीछे श्यो. ने रिपोर्ट की कि दि. 04.10.25 के 17.00 बजे स्थान जय श्री पैलेस के पीछे श्यो. पर आरोपीगण 1. मोहन लाल जंगम कन्हैया लाल जंगम 2. चंद्रप्रकाश पुत्र कन्हैया नि. गण अनंता बारां पुत्र राजस्थान ने फरि. के लडके आयुष को जबरदस्ती अपने साथ ले जाने की बात पर से गालियां दी व जान से मारने की धमकी दी।

### 22 क्वाटर अवैध शराब जप्त

अवैध शराब पकडी आरोपी सरवन पुत्र मदनु जाटव उम्र 57 साल नि. वीरपुर को दि. 06.10.25 के 18.50 बजे स्थान कोन्दे नाले के पास वीरपुर कब्जे से देशी मदिरा प्लेन शराब के 22 क्वा. कीमती 2200/- रु. की जप्त की।

# शरद पूर्णिमा का पर्व देता है सेवा व समर्पण का संदेश

**नवभारत न्यूज**
**सलकनपुर 7 अक्टूबर.** समर्पण सेवा समिति द्वारा शरद पूर्णिमा महोत्सव पर स्व. प्रभाकर राव केलकर तथा स्व. भगवत शरण माथुर की स्मृति में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें जैविक कृषि, गौसेवा तथा नर्मदा सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को पुरस्कृत किया गया.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सलकनपुर में शरद पूर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया गया. उन्होंने कहा है कि मां विजयासन की छत्रछाया में सलकनपुर क्षेत्र में नर्मदा यात्रियों की सेवा और गौ माता की सेवा के लिए कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान है. राष्ट्र सेवी स्व. भगवत शरण माथुर और स्व. प्रभाकर राव केलकर की स्मृति में सेवाभावियों को सम्मानित करने का कार्य प्रशंसनीय है. इस मौके पर स्व. प्रभाकर राव केलकर की स्मृति तथा स्व. भगवत शरण माथुर की स्मृति में गोवंश आधारित जैविक कृषि पुरस्कार और उत्कृष्ट नर्मदा सेवा पुरस्कार प्रदान किए गए.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शरद पूर्णिमा भारतीय संस्कृति का वह पर्व है जो हमें पवित्रता, सेवा और समर्पण का संदेश देता है. उन्होंने कहा जैविक खेती महती आवश्यकता है, यह न केवल धरती को जीवंत रखती है बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ जीवन का वरदान देती है. उन्होंने कहा कि महामंडलेश्वर ईश्वरानंद महाराज (उत्तम स्वामी) द्वारा सेवा का यह जो प्रकल्प चलाया जा रहा है वह न केवल सराहनीय है, बल्कि हमारे सांस्कृतिक वैभव की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है.

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि समर्पण सेवा समिति द्वारा नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था जैसा पुण्य का कार्य किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि सेवा हमारी संस्कृति में है. इस अवसर पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा तथा कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल ने भी संबोधन दिया. उन्होंने कहा हमें अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाना है ताकि आगामी पीढ़ी संस्कारवान बने. कार्यक्रम में नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी, महेश उपाध्याय, सचिव दीक्षा भूमि नागपुर राजेन्द्र गवई, समर्पण सेवा समिति अध्यक्ष तपन भौमिक, रवि मालवीय सहित अनेक जनप्रतिनिधि, संत एवं अन्य सदस्य, नागरिक तथा नर्मदा परिक्रमावासी उपस्थित थे.

# खेत में गाय जाने की बात पर विवाद, एक को पीटा

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 7 अक्टूबर।** थाना वीरपुर मारपीट फरिया. शंकुतला पत्नी रामनिवास जंगम उम्र 65 साल नि. ग्राम दिमरछा ने रिपोर्ट की कि दि. 06.10.25 के 15.00 बजे स्थान फरिया का खेत ग्राम दिमरछा आरोपीगण 1. केदार पुत्र चंटोली जंगम 2. अंकेश पुत्र केदार जंगम नि.गण सदर ने फरिया को खेत में गाय जाने की बात पर से गालियां देकर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी।

**खेत में से माटी लेने की बात पर चार ने एक को पीटा** : थाना मानपुर मारपीट फरि. गुरजीत सिंह पुत्र नि. चकबमूलिया ने रिपोर्ट की कि दि. 05.10.25 के वाला खेत चकबमूलिया आरोपीगण 1. सुखविन्दर सिंह 2. बचनसिंह 3. बलवीर सिंह 4. जगदीश सिंह जातिगण सिक्ख नि.गण सदर ने फरि को खेत में से माटी लेने की बात पर से मां बहिन की गन्दी गन्दी गालियां देकर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी।

## राय ने किया गायक अंकुश जैन का सम्मान

**सीहोर.** समाजसेवी अखिलेश राय ने शहर के युवा भजन गायक अंकुश जैन को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया. उन्होंने अंकुश की इस उपलब्धि को नगर का गौरव बताया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी. इस अवसर पर जैन समाज के अनेक वरिष्ठजन उपस्थित थे. उल्लेखनीय है कि अंकुश जैन ने राष्ट्रीय भजन गायन स्पर्धा में देशभर के 41 प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया है.


## आम सूचना

श्रीमती यास्मीन बानो पत्नी श्री शबीर खान के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूमि, स्थित बीजासेन मौहल्ला, ग्राम इंदरगढ़, प.ह.नं.24, रा.नि.मं.इंदरगढ़, तहसील इंदरगढ़ व जिला दतिया (म.प्र.) में है जो नगर पालिका परिषद दतिया वार्ड क्र.13 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.1711 ग्राम इंदरगढ़ का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-भूखण्ड नहिद खान, पश्चिम में भूखण्ड विक्रेता, उत्तर में-भूमि विक्रेता एवं दक्षिण में रास्ता 20 फुट चौड़ा है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री बृजेन्द्र कुमार, श्री वीरेन्द्र कुमार एवं श्री राजेन्द्र कुमार पुत्रगण श्री बाबूराम के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती यास्मीन बानो पत्नी श्री शबीर खान को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी09602024ए 11026766 दिनांक 13.08.2024 से विक्रय की गई। श्रीमती यास्मीन बानो द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार आदित्य बिड़ला हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास
सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710
9827672718